भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2584

दिनांक 09.12.2014/ 18 अग्रहायण, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन

†2584. श्री डी० के० सुरेश:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजभाषा विभाग देश में क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित करती है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;
(ग) गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कितने क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किए गए हैं;
(घ) क्या सरकार देश में क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलनों को आयोजित करने के लिए प्रोत्साहन देती है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू)

(क): जी, हां।
(ख): सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन देने, राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में विचार-विमर्श हेतु एक मंच प्रदान करने तथा कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने संबंधी तकनीकी सुविधाओं की अद्यतन जानकारी देने के लिए क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है। इन सम्मेलनों में केंद्र सरकार के संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों तथा नगर राजभाषा कार्यान्यन समितियों को संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए राजभाषा शील्डें प्रदान की जाती हैं।
(ग): वर्ष 2011-12 में 05 (मैसूर, पटना, गुवाहाटी, औरंगाबाद तथा देहरादून) वर्ष 2012-13 में 02 (अहमदाबाद तथा बेंगलूरु) तथा वर्ष 2013-14 में 06 (कोलकाता, चंडीगढ़, इंदौर, चेन्नै, भुवनेश्वर तथा चंडीगढ़) सम्मेलनों का आयोजन किया गया था। वर्तमान वर्ष में एक सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया गया है।

(घ) व (ड.): जी, हां। प्रत्येक वर्ष चार क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलनों का लक्ष्य रखा जाता है और इसके लिए वित्तीय प्रावधान भी किए जाते हैं। 1985 से अब तक 88 सम्मेलनों का आयोजन किया जा चुका है।

****